नामांक Roll No.

No. of Questions – **27**
No. of Printed Pages – **4**

# UP-01-Hindi

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र परीक्षा – 2016

## कक्षा – 8
## हिन्दी

समय : **2.30** घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **1** से **6** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

1. 'अनंत' शब्द का विलोम है –

(अ) ससीम (ब) असीम

(स) नवीन (द) प्रवीण **1**

2. बूँद को इन्तजार था

(अ) हवा का (ब) आकाश में जाने का

(स) सूर्य का (द) नदी के जल का **1**

3. बाज की वीरता का आगे बढ़कर स्वागत किया था

(अ) साँप ने (ब) आकाश ने

(स) लहरों ने (द) चट्टानों ने 1

4. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है –

(अ) तैयार होना (ब) उठ जाना

(स) कमर बाँधना (द) सजना 1

5. कबीर के अनुसार मनुष्य का मन होना चाहिए –

(अ) निर्मल (ब) कठोर

(स) शान्त (द) पवित्र 1

6. 'निर् + वाह' से बना शब्द है –

(अ) निरवाह (ब) निरावाह

(स) निर्वाह (द) निर्वाह 1

7. भारत का सर्वाधिक गरीब जिला जिसमें साइकिल चलाना एक सामाजिक आन्दोलन है । नाम लिखिए । 2

8. फिल्म 'आलम-आरा' की शूटिंग रात में क्यों करनी पड़ती थी ? 2

9. 'ओस की बूँद' क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ? 2

10. झाऊलाल की आर्थिक स्थिति कैसी थी ? 2

11. 'बस की यात्रा' पाठ में लेखक ने वृद्धा किसे कहा ? 2

12. माँ यशोदा ने चोटी बढ़ने का कृष्ण को क्या प्रलोभन दिया ? 2

13. गवरइया ने अपना क्या लक्ष्य बना लिया था ? 2

14. पक्षी और बादलों के सन्देश कौन पढ़ने में सक्षम होते हैं ? 2

15. 'ई' प्रत्यय से दो नये शब्द बनाकर लिखिए । 2

16. 'सूर्य' के चार पर्यायवाची शब्द लिखिए । 2

17. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता का केन्द्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए । 4

18. कृष्ण-सुदामा की मित्रता को ध्यान में रखते हुए उनकी मित्रता व आज के समय की मित्रता के बारे में आपके विचार लिखिए । 4

19. घरेलू नौकरों को हटाने की बात किन-किन परिस्थितियों में उठ सकती है ? अपने विचार लिखिए । 4

20. मशीन द्वारा बनाई गई वस्तुओं और हाथ द्वारा बनाई गई वस्तुओं में आप क्या अन्तर समझते हैं ? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए । 4

21. पुरानी मूक फिल्मों में और आज की फिल्मों में आप कौन सी फिल्मों को पसन्द करते हैं ? और क्यों ? तर्क सहित उत्तर लिखिए । 4

22. सड़क पर चलते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 4

23. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $2 + 4 = 6$

कबीर घास न नींदिए, जो पाऊँ तलि होइ ।
उड़ि पड़ै जब आँखि मैं, खरी दुहेली होइ ।।

ज़ग में बैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय ।
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय ।।

**अथवा**

हम दीवानों की क्या हस्ती, हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला, हम धूल उड़ाते जहाँ चले ।
आए बनकर उल्लास अभी, आँसू बनकर बह चले अभी,
सब कहते ही रह गए, अरे, तुम कैसे आए, कहाँ चले ?

24. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

रामभोहन राय की पत्रकारिता का गहरा संबंध उनके सुधारवादी आंदोलनों से था । उनका समन्वयवादी और विश्वजनीन दृष्टिकोण कट्टर वर्ग के लोगों को नापसन्द था और वे उनके बहुत से सुधारों का भी विरोध करते थे । पर उनके बहुत से समर्थकों में टैगोर परिवार था जिसने बाद में बंगाल के पुनर्जागरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई । राममोहन राय दिल्ली-सम्राट की ओर से इंग्लैंड गए और उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भिक वर्षों में ब्रिस्टल में उनकी मृत्यु हो गई ।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

(ब) राजा राममोहन राय की पत्रकारिता का संबंध किससे था ? 1½

(स) कट्टर वर्ग के लोग राजा राममोहन राय का विरोध क्यों करते थे ? 1½

(द) राजा राममोहन राय की मृत्यु कहाँ हुई ? 1

25. स्वयं को प्रशांत जोधपुर निवासी मानते हुए अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई-पत्र लिखिए । 6

**अथवा**

आप स्वयं को रंजना अजमेर निवासी मानते हुए माँ की बीमारी के कारण उनसे मिलने जाने के लिए दो दिन का अवकाश माँगते हुए अपने प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

26. आप अपनी किसी यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभवों को याद करते हुए संस्मरण लिखिए । (शब्द सीमा – 150 शब्द) 5

27. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए । (शब्द सीमा – 250 शब्द) 8

(अ) टेलिविजन : लाभ और हानियाँ

(ब) विद्यार्थी और अनुशासन

(स) दैनिक जीवन में समाचार-पत्र का महत्त्व

(द) राष्ट्र निर्माण में नारी का योगदान

---